## खबर संक्षेप

### श्री शैल दुबे का सेवानिवृत्ति समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न



शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं शासकीय कन्या हाई स्कूल पुरवा के प्रभारी प्राचार्य शैल दुबे का सेवानिवृत्ति समारोह आज शासकीय हाई स्कूल पुरवा में अत्यंत उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस भावभीने कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता, सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला रंजीत गुप्ता, सहायक संचालक श्री सेंद्राम एवं श्री मसराम, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के कर्मठ साथी विवेक शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य अखिलेश चंद्रोल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगौर, वरिष्ठ लेखपाल महेंद्र श्रीवास, महेश नामदेव, शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष प्रवीण वर्मा, स्नेहल जोशी, अनिल मरकाम, पूर्व बीईओ मालवीय एवं संस्था के समस्त स्टाफ सादर उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मण्डला श्रीमती वंदना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में शैल दुबे की शासकीय कर्तव्यों के प्रति कर्मठता, लगनशीलता एवं अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पश्चात सभी स्नेहीजनों ने श्री दुबे को ससम्मान उनके निवास स्थान तक पहुंचाया, जिससे समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई। यह कार्यक्रम न केवल एक शिक्षक के सेवाकाल की पूर्णाहुति का प्रतीक रहा, बल्कि शिक्षा जगत में उनके योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक भी बना।

### बाल गृह के बच्चों ने मल्टीप्लेक्स में देखी सितारें जमीं पर

**मण्डला।** प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के लिए शासन बाल संरक्षण संस्थान संचालित करता है। मंडला में आदर्श बालगृह संचालित है। बालगृह में रह रहे बच्चों को घर और परिवार दिलाने के लिए महिला बाल विकास, बाल कल्याण समिति, बालगृह और अन्य स्टेकहोल्डर्स सतत कार्यरत रहते हैं। पुर्नवास की राह देख रहे बच्चों को घर जैसा परवरिश देने के लिए हरसंभव प्रयास रहता है। महिला बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी और सहायक संचालक श्री रोहित बड़कुल ने बाल गृह के बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए बच्चों को नगर के मल्टीप्लेक्स में सितारें जमीं पर फिल्म दिखाई। फिल्म देखकर बच्चे रोमांचित और प्रसन्नचित दिखे।

## हरे कृष्णा राधे कृष्णा भजन के साथ धर्मप्रेमियों ने खींचा रथ

# भगवान जगन्नाथ की निकली रथयात्रा

*** अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ द्वारा किया गया आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

1 जुलाई को मंडला में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा भव्यता से निकाली गई। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के द्वारा आयोजित इस रथ यात्रा में सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमियों ने शामिल होकर भगवान को नगर भ्रमण कराया। रथ यात्रा के पूर्व राम मंदिर पड़ाव में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव, बहन सुभिद्रा की विधि विधान से स्थापना की गई। यहां पर महाआरती के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी को 56 भोग अर्पण किए गए। मातृशक्तियों ने विभिन्न प्रकार के पकवान मिष्ठान तैयार किए और भगवान जगन्नाथ स्वामी को अर्पित किए। इस दौरान हरे कृष्णा, राधे कृष्णा के भजन के साथ धर्मप्रेमियों ने भगवान जगन्नाथ स्वामी से अपने दुख हरने की मनोकामना मांगी। इस दौरान स्वामी का भक्तों ने स्वागत वंदन करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आभार व्यक्त किया। रथ महोत्सव के इस आयोजन पर नगर के विभिन्न स्थानो में सामाजिक संगठनों के द्वारा



स्वागत किया गया और धर्मप्रेमियो ने भगवान जगन्नाथ स्वामी की जगह-जगह आरती करते हुए जयघोष के साथ जय जगन्नाथ के नारे लगाए। इस अवसर परम पूज्य भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी ने बताया कि इस रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, जो कि भगवान कृष्ण हैं व उनके बड़े भाई बलभद्र जो बलराम जी हैं और बहन सुभद्रा जो कि अर्जुन की पत्नी हैं के साथ बड़े शान से सौंदर्य तरीके से सजाये गये सुसज्जित रथ के साथ मंडला के निवासियों पर अपनी कृपा कटाक्ष बरसाते हुए आए हैं। ऐसी पौराणीक मान्यता है कि जो रथ पर सवार इन भाई-बहनों को देखेगा वह सभी पापों से मुक्त हो जाएगा। रथयात्रा का आध्यात्मिक इतिहास अत्यंत गहरा है। पुराणों में वर्णित है कि पहली रथ यात्रा तब मानी जाती है जब वृंदावन वासियों ने भगवान श्रीकृष्ण को कुरुक्षेत्र से रथ में बैठाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। उसी प्रेम भावना को पुरी और कुरुक्षेत्र की रथ यात्राएं दोहराती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान के रथ-दर्शन से करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और यह रथयात्रा उसी कृपा का विस्तार है। बता दें अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के द्वारा भव्य जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन इस्कॉन उज्जैन की प्रेरणा से हो रहा है जो कि पूरे मध्यप्रदेश में 34 स्थानों पर रथयात्रा जा रही है। इसी कड़ी में 1 जुलाई को यह रथ यात्रा मंडला पहुंची जहां इस पुनीत कार्य का नेतृत्व परम पूज्य भक्ति प्रेम स्वामी महाराज ने किया। जो इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष और दीक्षा गुरु हैं। यह दो किलोमीटर लंबी रथयात्रा दोपहर 2 बजे राम मंदिर पड़ाव से आंरभ हुई जो चिलमन चौक बड़ चौराहा, रेडक्रॉस, बैगा-बैगी चौंक, नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट पहुंची। जहां पर भगवान जगन्नाथ स्वामी की महाआरती की गई और भक्तों के दर्शन के लिए रथ को विश्राम दिया गया। साथ ही यहां पर मां नर्मदा की पंचचौंकी महाआरती की गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। वहीं भव्य भंडारे प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बता दें कि मंडला की इस विशाल रथ यात्रा जो कि नगर में आकृर्षण और चर्चा का विषय बन गई जिसकी मुख्य वजह ऐसा रथ जो 15 फीट ऊंचा विशेष रथ जिसमें 10 फीट ऊंचा समायोज्य गुंबद भी रहा है। जो उज्जैन से मंडला लाया गया था। पूरे मार्ग में 20 से अधिक स्वागत स्थलों पर भगवान का आरती, छप्पन भोग पुष्पमाला के साथ जोरदार स्वागत धर्मप्रेमी सामाजिक संगठनों ने किया। इस शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में आदिवासी सांस्कृतिक दल शामिल रहा जिससे आदिवासी सांस्कृति की झलक दिखाई दी। बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं स्कॉट गाईड और एनसीसी के बच्चों ने भी सहभागिता दर्ज कराई यातायात व्यवस्था को लेकर इनर वॉइस को जिम्मेदारी दी गई थी। रथयात्रा में भक्तों की टोली ने पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बताया गया इस कि रथ यात्रा का आध्यात्मिक संदेश अत्यंत गहन और प्रेरणादायक है। यह उत्सव दर्शाता है कि ईश्वर की कृपा सभी भक्तों के लिए समान रूप से उपलब्ध है चाहे वे किसी भी वर्ग या धर्म के हों। रथ यात्रा में भगवान का मंदिर से बाहर आना प्रतीक है कि वे अपने भक्तों के करीब हैं और उनकी भक्ति को स्वीकार करते हैं। रथ का खींचना जीवन की आध्यात्मिक यात्रा को दर्शाता है जो आत्मा को भौतिक बंधनों से मुक्त कर ईश्वर की ओर ले जाती है। सैकड़ो भक्तों का एक साथ रथ खींचना सामूहिक भक्ति, एकता, और सहयोग की शक्ति को प्रकट करता है। यह उत्सव विनम्रता का पाठ पढ़ाता है। वहीं पत्रकार कमलेश मिश्रा ने सभी भक्तो के माथे में तिलक लगाया।





## इनर व्हील क्लब ने डॉक्टर्स डे पर विशेषज्ञ चिकित्सकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

डॉक्टर्स डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा दे रहे डॉक्टरों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब द्वारा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, उदर रोग विशेषज्ञ डॉ गुरुमोहन सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नृपिका पथरिया, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. चैतन्य धावड़े, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका वाकपंजर, और डॉ. जतिन खाटोडकर सहित अन्य चिकित्सकों को सम्मान स्वरूप ऑक्सीजन देने वाले पौधे स्नेक प्लांट भेंट किए गए। यह सम्मान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि डॉक्टरों के जीवनदायिनी कार्य की प्रतीकात्मक सराहना भी है।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा सहित रूबी तपा, रिया तपा, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, आरती बृजपुरिया, आरती तिवारी, कमला बानी, कंचन छत्री एवं सपना भाटिया जैसे सक्रिय सदस्य उपस्थित रहीं।

इनर व्हील क्लब के इस आयोजन ने न केवल चिकित्सकों के योगदान को सराहा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य और सेवा की भावना को भी सशक्त किया।

### चिरईडोंगरी नारायणगंज में 550 पौधों की नर्सरी तैयार

**मण्डला।** विकासखंड नारायणगंज में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चिरईडोंगरी सेक्टर में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ग्राम चिरईडोंगरी स्थित पीपल आश्रम में लगभग 550 पौधों की नर्सरी तैयार की गई, जो भविष्य में जिले को हरा-भरा बनाने में सहायक सिद्ध होगी। यह पहल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मझगांव और नवांकुर संस्था मझगांव के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है। इस कार्यक्रम को जिला समन्वयक श्री राजेंद्र प्रसाद चौधरी और विकासखंड समन्वयक श्री अनिल कुमार मेहरा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसके साथ ही ग्राम विकास प्रस्फुटन चिरईडोंगरी और सहजनी समितियों के सदस्यों ने भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। नर्सरी में विभिन्न प्रकार के स्थानीय और उपयोगी पौधों के बीज रोपे गए हैं, जिनमें आम, नीम, कुसुम, जामुन, महुआ, खमेर आदि प्रमुख हैं। इन पौधों का रोपण आने वाले समय में किया जाएगा, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पहल समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## छीरपानी स्कूल की अध्यापिका मोहिनी गर्ग को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

प्राथमिक शाला छीरपानी की अध्यापिका श्रीमति मोहिनी गर्ग का 25 वर्ष की सेवा के उपरान्त उत्कृष्ट विद्यालय के संकुल केंद्र बिछिया के प्रभारियों शिक्षकों ने सामूहिक रूप से शास माध्यमिक भुआ शाला में श्री मति गर्ग का भावभीनी विदाई समारोह सम्मान सहित सम्पन्न हुआ , इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय भुआ के छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई सभी शिक्षकों ने विदाई सम्मान समारोह पर श्रीमति मोहिनी गर्ग को शाल श्रीफल से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किए इस अवसर पर संकुल के सभी



शिक्षकों और शिक्षकाओं ने सम्मान समारोह के बाद सम्मान सहित उनके घर पहुंचाया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक श्रीमती ममता गर्ग, सीएसी श्यामल सिंह श्याम, अनिल मार्को, भुआ शाला संकुल स्टॉप से वीरेंद्र मांडवे, श्रीमति निर्मला गोटिया, श्रीमति किरण गुप्ता, श्रीमति सुमेश्वरी पूसम, के अलावा संकुल स्तर से आए शिक्षक, राकेश ठाकुर, गोदावरी ठाकुर, श्रीमति संगीता भलावी, हिमांशु मंसराम, कमल दास, कृष्ण मरकाम महेश मरकाम संतलाल धुर्वे, विवेक पटेल, शिवा मरकाम सहित गर्ग परिवार से सतीश गर्ग दिलीप अभय गर्ग सुनील गर्ग,पत्रकार भुआबिछिया अर्चना रत्ना, उमा, संगीता गर्ग श्रीमती गर्ग की बेटी प्रियंका ने सभी का सम्मान कर उद्बोधन दिया इसके अलावा परिवार सहित ग्राम वाशी शाला संकुल का स्टाफ सभी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश ठाकुर ने किया सभी का आभार श्रीमती किरण गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

## किड्जी प्ले स्कूल में मनाया गया नेशनल डॉक्टर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन में नेशनल डॉक्टर्स डे सेलिब्रेट किया गया। यहां पर जिले के चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने स्कूल के नन्हे बच्चों को शरीर और स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा की आवश्यक जानकारियां प्रदान की। डॉ मोहसिन मंसूरी ने बच्चों को बताया कि कभी भी अस्वस्थता महसूस हो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। दैनिक दिनचर्या में अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपनाई जाने वाली आदतों समय पर सोना, संतुलित आहार,व्यायाम के बारे में बताया। डॉ.राहुल पमनानी ने बच्चों को दांतों की देखभाल और साफ-सफाई की दिनचर्या सिखाई, बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। डॉ. साकेत अग्रवाल नेत्र सर्जन ने बच्चों को बताया कि आंखें हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण इंद्रीय अंग हैं, अतः उन्हें स्क्रीन टाइम कम करके और साफ-सफाई रखकर सुरक्षित रखना चाहिए।डॉ. नेहा तिवारी ने अपने दंत चिकित्सा उपकरणों की सहायता से बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने के स्टेप्स बहुत सुंदर और सरल ढंग से समझाए।

डॉक्टर्स की उपस्थिति ने बच्चों के चेहरे पर आनंद और उत्सुकता ला दी। बच्चों की उम्र के अनुसार जानकारी दी गई, जिससे वे सहजता से सब कुछ समझ सके। डॉक्टरों और बच्चों के बीच की बातचीत बेहद प्रभावशाली और आनंददायक रही। बच्चों ने उत्साहपूर्वक काफी प्रश्न पूछे, जिनका डॉक्टरों ने बड़े प्रेम और धैर्य के साथ उत्तर दिया।आयोजन में प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं शैक्षणिक समन्वयक राशि पमनानी के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी डॉक्टरों का हार्दिक आभार प्रदर्शन किया गया।

**प्रदर्शन** | **भाजपा सरकार पर कांग्रेस ने लगाये भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप।**

# सीबीआई जांच की मांग, जलाया पुतला





*** जल जीवन मिशन पर प्रश्नचिन्ह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्य प्रदेश की पीएचई मंत्री संपत्तिया उईके के ऊपर 1000 करोड रुपए कमीशन लेने की आरोप लगे हैं इस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने अपने ही विभाग की मंत्री के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए, वहीं प्रमुख अभियंता ईएनसी संजय अंधवान ने जांच के आदेश प्रधानमंत्री से की गई शिकायत और केंद्र की ओर से मांगी गई रिपोर्ट के बाद दिए।

प्रमुख अभियंता कार्यालय ने सभी मुख्य अभियंता हमको जनता कार्यालय सभी मुख्य अभियंता पी एच ई और परियोजना निदेशक मध्य प्रदेश जल निगम को इस मामले में चिट्ठी लिखकर 7 दिन में रिपोर्ट देने को कहा हालांकि जांच के आदेश को लेकर प्रमुख अभियंता संजय अंधवान ने कोई जानकारी विभाग की ओर से जारी नहीं कि केंद्र सरकार से जल जीवन मिशन को प्राप्त हुए 30000 करोड रुपए की राशि में घूसखोरी का पैसा जमा करने का आरोप मंडला के कार्यपालन नियंत्रित पर भी लगे हैं ईएनसी ने कार्यपालन यंत्री की संपत्तियों की जांच के भी आदेश जारी किए हैं।

### बैतूल कार्यपालन यंत्री ने बिना काम 150 करोड़ निकाले

इसी तरह पी एच यू जल निगम के डायरेक्टर जनरल और इंजीनियरों ने एक-एक करोड़ का कमीशन लिया है बैतूल के कार्यपालन यंत्री ने 150 करोड रुपए बिना काम कराए ही शासन के खाते से निकाल लिए यही हाल छिंदवाड़ा और बालाघाट जिले का भी है मुख्य अभियंता मेकेनिकल द्वारा 2200 वेंडरों पर काम नहीं कराया गया और राशि निकाल ली गई प्राप्त जानकारी के अनुसार 7000 काम ऐसे हैं जो कि बिना पूरे हुए उनके फर्जी प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को भेजे गए हैं, जिला कांग्रेस कमेटी मंडला इस मामले की उच्च स्तरीय, सीबीआई जांच की मांग करती करती है एवं इस घूसखोरी मामले में संलिप्त मंत्री के ओएसडी, कार्यपालन यंत्री सभी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

इस पूरे मामले से मंडला की छवि प्रदेश में खराब हुई है, जिससे आक्रोशित होकर जिला कांग्रेस कमेटी मंडला ने मंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया इस अवसर पर एड राकेश तिवारी,डॉ अशोक मर्सकोले, रजनीश रंजन उसराठे, राजेंद्र राजपूत, समीर राठौर, महेंद्र चंद्रोल, मुकेश कछवाहा, आशीष जैन, बब्बी राय, जीतराज कछवाहा, कोविद सिंह ठाकुर, प्रणय भंडारी, नीलू शुक्ला, सोमवती धुर्वे, रेशमा अल्वी, सौरभ साहू, अमन लाहौरी, आलोक पटेल, राहुल श्रीवास, जावेद कुरैशी, तौकीर बादशाह, विनोद चौधरी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## वाहन किराए के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी नागपुर से गिरफ्तार



*** 34 लाख रुपये मूल्य के 05 फोर व्हीलर वाहन जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 28.06.2025 को संजय सोनी निवासी नारायणगंज टिकरिया ने थाना कोतवाली मंडला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसने तथा उसके अन्य साथियों ने अपनी-अपनी फोर व्हीलर गाड़ियां रेनाल्ट ट्राइबर, मारुति सुजुकी डिजायर, महिंद्रा बोलेरो, महिंद्रा एवं मारुति अर्टिगा प्रतिमाह 30,000 रूपये किराए पर पवन सोलंकी के माध्यम से कुनाल टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक कुनाल श्रीवास्तव पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव, निवासी उमरेड भीवापुर रोड, नागपुर को जनवरी 2025 में दिया गया था, जिसके द्वारा कुछ महीनों तक वाहन किराया दिया गया, लेकिन बाद में किराया देना बंद कर दिया गया तथा एजेंसी बंद कर आरोपी नागपुर भाग गया। बार-बार मांगने पर न वाहन लौटाए गए और न ही किराये की राशि दी गई। उक्त शिकायत पर थाना कोतवाली मंडला में धारा 316(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 (BNS) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसे नागपुर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी कुनाल श्रीवास्तव को नागपुर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से उपरोक्त 05 फोर व्हीलर वाहन, जिसकी अनुमानित मूल्य 34 लाख रूपये बरामद किए गए हैं।

इस कार्यवाही में निरीक्षक शफीक खान, उप निरीक्षक सुरजीत सिंह परमार, सउनि भूमेश्वर वामनकर, आरक्षक रामप्रसाद नेताम एवं महिला आरक्षक कलिया उइके, हेमन्त मरावी, सुरेश भटेरे सायबर सेल की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### महिला का हाथ ठेला पलटते हुये दी जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** समीपस्थ चीचली पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वार्ड क्रमांक 4 निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के सामने पटेलन मंदिर है उसकी के बाजू में बीएन ज्वेलर्स कैलाश सहपुरिया का मकान है जिसकी मंदिर तरफ शटर है जो खाली पड़ी हुई है। उसी तरफ प्रार्थिया का लकडी का हाथ ठैला रखा रहता है । बीते हुये दिवस गौरव सहपुरिया आया और वहा पर ऱखी हाथ ठैला को रोड तरफ पलटा दिया जिसें प्रार्थिया बोली की हाथ ठैला क्यो पलटा दिया तो गौरव सहपुरिया द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की आज से यहां हाथ ठैला नहीं रखोगी नहीं तो जान से खत्म करने की धमकी देने लगा। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जमीन बंटवारे की बात को लेकर भाई ने भाई को कुदाली की मुदाई से की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ चीचली पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बार्ड क्रमांक 5 में निवासी करने वाले एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि हम तीन भाई है बडा भाई ब्रजेश व्दिवेदी, दूसरा दुर्गेश व्दिवेदी तीसरा मैं हूँ हम तीनो की शादी नही हुई है माता पिता के साथ एक साथ रहते है तथा तीनो भाईयों मे जमीन जायजाद का हिस्सा बटवारा हो गया है । फिर भी बडा भाई ब्रजेश द्विवेदी हमेशा शराब के नशे में घर आता है और जमीन हिस्सा बटवारा की बात को लेकर झगडा विवाद करता रहता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस घर आया और जमीन हिस्सा बटवारे को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा तो प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो आंगन में पडी कुदारी उठाकर की मुदाही से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर एक भाई की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे भाई के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मुर्गा खाने की बात पर देवर व भाभी के साथ की मारपीट

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम घाट कामती निवासी एक किराना दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि गांव के पडोस में निवासी करने वाला सोनू ठाकुर व उसकी माँ घर के सामने आकर मुर्गा खाने की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया दे रहे थें तो प्रार्थी द्वारा घर के बाहर आकर गाली देने से मना किये जाने पर सोनू ठाकुर द्वारा खपरा का पत्थर उठाकर सिर में मारते हुये चोट पहुंचाई। वही लड़ाई देखकर जब बीच बचाव करने के लिये प्रार्थी की भाभी आई तो उसके साथ आरोपी माँ द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी माँ व पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रायपुर सरपंच की बाइक में टक्कर मारते हुय दी जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पंचायत रायपुर सरपंच द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुयू बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चीचली कुछ काम गया हुआ था वापिस आते हुये जब कुडारी प्रतीक्षालय के पास पहुंचा तो पीछे आ रहे देव प्रताप सिंह कौरव द्वारा अपनी चार पहिया गाडी से टक्कर मारते जमीन पर गिरा दिया गया। इसके बाद देव प्रताप सिंह कौरव एवं लवकुश कौरव द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थी सरपंच की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# क्षेत्र में लगातार विकास की गंगा बहने के बाद भी सालीचौकावासी मायूस हो रहे

## बस स्टैंड के अभाव में, चाय पान के टपरा तो खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार बस यात्रियों की बनी मजबूरी...






**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र में विकास नही हो रहे है लगातार विकास की गंगा बहने के बाद भी यदि क्षेत्र की जनता छोटी छोटी जरूरतों की मुहताज होकर परेशान होते हुए देखा जावे तो निश्चित ही क्षेत्र के उन विकास कार्यो के औचित्य पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका क्षेत्र में देखने मिल रही है, जहां एक ओर सालीचौका को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के कारण उसका दुनिया के मान चित्र में दर्जा जरूर बढ़ गया है। मगर यदि यहां पर व्यवस्थाओं की ओर गौर किया जावे तो आज भी क्षेत्र के लोग अनेक सुविधाओं को तरशते हुए देखे रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर अनाज मंडी की व्यवस्था तो हो चुकी है। मगर वह भगवान ही भरोसे चल रही है जिसे मात्र निश्चित सीजन पर ही खुलते हुए देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार का हाल स्थानीय रेल्वे स्टेशन का है जहां पर बड़ी रेल गाड़िया का स्टाप न होने के कारण लोगों को यदि नागपुर जाने की जरूरत होती है तो उन्हें गाडरवारा या फिर पिपरिया से रेल पकड़ने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोग जिस प्रमुख समस्या से जूझ रहे है वह प्रमुख रूप से है यहां पर बस स्टेन्ड का न होना बताया जाता है कि सालीचौका में जहां सप्ताह में दो बार बाजार लगता है वही रेल्वे स्टेशन होने के कारण यहां पर लोगों का आना जना बना रहता है। वही रेल्वे सुविधाओं की ओर गौर किया जावे तो यहां के रेल्वे स्टेशन पर भी मात्र चंद ट्रेनों का स्टाप होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश लोगों का आना जाना बसों के माध्यम से ही होता है। वही यहां पर क्षेत्र के चारों से बसों का आगमन होता है क्योंकि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला प्रमुख ग्राम बारहाबड़ा के लिए भी यहां से बस पहुंचती है वही गाडरवारा से भी बसों का आना जाना होता है। इस स्थिति में सालीचौका पूर्णरूप से एक कस्बा का स्वरूप ले चुका है जिसके आस पास सैकड़ो ग्रामों के लोग प्रतिदिन सालीचौका आना जाना करते हुए अपनी अन्य जरूरी कार्य यही से निपटाते है। मगर इसके बाद भी यहां पर बस स्टेन्ड के साथ साथ यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण जहां बस यात्रियों को अनेक परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है तथा दूसरी ओर नगर की यातायात व्यवसथा भी बिगड़ रही है। बताया जाता है कि निर्धारित स्थल पर बस स्टेन्ड के आभाव में बसों को हर कही रोकते हुए जहां सबारी बैठारी व उतारी जाती है। वही यात्री प्रतिक्षालय नही होने की स्थिति में बारिश का मौसम हो या फिर तेज गर्मी सहित ठंड के दिनों में बस यात्रियों को खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुये देखा जाता है। इस दौरान भयानक स्थिति तो खराब जब होती है तब किसी यात्री के साथ मरीज या फिर महिलाएं होती है इस स्थिति में खुले स्थानों या फिर चाय नास्ता की दुकानों पर बैठकर जब बस यात्री बसों का इंतजार करते है तो महिला बस यात्रियों को अनेक प्रकार से मनचले लोगों की छिटाकशी का सामना करने भी मजबूर होना पड़ता है? इस प्रकार से क्षेत्र का लगातार विस्तार होने के बाद भी आज तक क्षेत्र की लोगों को यात्री प्रतिक्षालय की व्यवस्था न हो पाना निश्चित ही विकास कार्यो पर सबाल खडें करते हुए जान पड़ रहा है? वही अब सबाल यह उठता है कि जब सालीचौका पहले से ही एक कस्बा के रूप में स्थापित हो चुका है और जहां पर शासन द्वारा शासकीय चिकित्सालय से लेकर पुलिस चौकी व बैकों के साथ बिजली आफिस सहित हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल तक स्थापित किये गये है तो फिर आखिर में आज तक यहां पर निश्चित जगह बस स्टेन्ड व यात्री प्रतिक्षालय क्यों नही बनाया गया है? वही अक्सर देखा जाता है कि लगातार क्षेत्र में कोई न कोई बडे नेता के साथ साथ मंत्रियों का तक आगमन होता है और उनके द्वारा क्षेत्र विकास के लिए बड़ी बड़ी बाते करते हुए क्षेत्र की जनता की तालियों से सम्मान प्राप्त करते हुए हाथ हिलाकर चले जाते है तो सबाल यह पैदा होता है कि क्या उन नेताओं को इस क्षेत्र के लोगों की यह प्रमुख समस्या कभी नही नजर आई जिसके चलते आज भी यहां के लोग बस स्टेन्ड व यात्री प्रतिक्षालय के आभाव में परेशान होते हुए देखे जा रहे है..? क्योंकि बस स्टेन्ड न होने की स्थिति में बसों के सड़को पर खड़े होने के कारण जहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। वही यात्री प्रतिक्षालय के आभाव में बस यात्री गर्मी हो या फिर बारिश के दिनों में उन्हें बैठने के लिए उचित व्यवस्था खोजना भी मुश्किल हो जाता है। अक्सर देखा जाता है कि वह अपने बैठने के लिए छायादार जगह खोजने पर भी नही मिल पाती है तो वह किसी चाय नास्ता दुकान की शरण में जाते है तो उन्हें मजबूरी बस उन्हें उस दुकान से चाय नास्ता करने मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि हर दुकान पर लिखा होता है कि यहां पर फालतू बैठना मना है? इस स्थिति में यात्री मजबूरी बस अपनी जेब को हल्का करते हुए दुकानदार की नजर में फालतू नही होना चाहता? वही जब हमारी टीम ने एक वाहन मालिक से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यहॉ बस स्टेड की कमी हम सभी वाहन संचालको को हमेशा से खलती आ रही है हम भी चाहते है कि सीलचौका मे एक बस स्टेड का होना अत्ति आवश्यक है। मगर आज तक इस ओर शायद किसी भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान तक देना उचित नही समझा गया है।

## रिटायर होने पर धीरेन्द्र जाट ने किया रामचरित मानस पाठ का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब लोग अपनी शासकीय सेवाओं से निवृत होते है तो बडे ही धूमधाम के साथ बिदाई का आयोजन करते हुये होटलों में पार्टी का आयोजन करने के साथ हजारों रूपया खर्च करने से नही चूकते है। मगर कुछ लोग इस तरह से भी होते है जो अपने शाकसीय सेवा के दौरान निभाई गये दायित्वों को याद करते हुये ईश्वर की पूजन आराधना करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के महाविद्यालय में पदस्थ एक शासकीय सेवक में देखने मिली है जिन्होंने अपने सेवा निवृत होने पर किसी तरह से फालतू का ढोक धतूरा न करते हुये हिन्दू संस्कृति के अनुसार भगवान आराधना करने के लिये अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। बूताया जाता है कि स्थानीय चन्द्रकेसर कॉलोनी निवासी धीरेन्द्र सिंह जाट ने अपने आवास पर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन कराते हुये ईष्ट मित्रों को आमंत्रित करते हुये उन्हें भी भगवान श्रीराम की आराधना में भागीदार बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई। जानकारी के अनुसार धीरेन्द्र जाट वर्ष 1987 मे ग्रन्थपाल के पद पर स्थानीय शासकीय महाराणा प्रताप स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय मे पदस्थ हुए थे। बीच मे कुछ वर्षो तक उन्होंने स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर मे भी सेवाएं दी थी। इसके बाद वह गाडरवारा महाविद्यालय में रहते हुये अपने शासकीय सेवा को पूर्ण किया गया। इस तरह अपने शासकीय सेवा से मुक्त होने के दौरान जाट द्वारा भगवान की प्रार्थना करने के लिये जहां अपने घर में रामायण पाठ का आयोजन करते हुये उसमें अपने साथियों को भी शामिल करते हुये पुण्य लाभ लेने का अवसर प्रदान किया गया। अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन 28 जून से शुरू हुआ था। इस धार्मिक आयोजन में नागरिकों ने संगीत की सुमधुर धुन पर रामायण की चौपाइयाँ गाई। इस अवसर पर जाट ने बताया कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रभु की भक्ति में अखंड रामायण पाठ का आयोजन करके असीम प्रसन्नता हो रही है। पाठ के अंतिम दिन मंगलवार को भंडारा एवं प्रसादी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु उपस्तिथ रहे।



## काबरा मेमोरियल स्कूल में करंट लगने से हुई छात्र की मौत पर संचालक राघव सहित अन्य पर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिनी शिक्षण संस्थाओं द्वारा जिस प्रकार से अभिभावकों को उनके बच्चों की सुरक्षा का भरोसा देते हुये फीस तो बसूली जाती है। मगर उनकी सुरक्षा की अनदेखी किये जाने के चलते छात्र छात्राओं की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार की रात नगर के कामती रोड स्थित काबरा मेमोरियल स्कूल की हास्टल में उस समय देखने मिली जब हास्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले कक्षा बारहवी के छात्र सुमित पिता शरद गुर्जर उम्र लगभग 18 साल की करेन्ट लगने से हुई मौत की घटना के चलते जहां अभिभावको में दहशत की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पाई थी तो दूसरी ओर घटना को लेकर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। इस तरह पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि बीते हुये 29 जून की शाम नगर नगर के काबरा मेमोरियल स्कूल के हॉस्टल






में रह रहे छात्र सुमित गुर्जर की हॉस्टल की छत की बाउंड्री पर लगे बिजली के तार से घातक करंट लगने से मृत्यु की घटना को लेकर पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा मर्ग की त्वरित जाँच की जाकर जाँच दौरान साक्षीगण के कथनों एवं जाँच दौरान संकलित किये गये साक्ष्यों के आधार पर मंगलवार को काबरा मेमोरियल स्कूल संचालक राघव काबरा, हॉस्टल वार्डन ज्ञानवेन्द्र सिंह, सुपरवाईजर नवनीत पचौरी तथा इलेक्ट्रीशियन अजमेर सिंह के खिलाफ 105,3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। ज्ञात हो कि घटना को लेकर गुर्जर सामाजिक बंधुओं द्वारा छात्र के मौत को लेकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुये ज्ञापन भी सौपा गया था। इस तरह पुलिस ने स्कूल के संचालक राघव काबरा सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि शिक्षा विभाग से जुडे हुये अधिकारियों द्वारा समय रहते हुये शिक्षण संस्थाओं की जांच की जा रही होती तो शायद इस तरह की घटना सामने आने से बच जाती। सही मायने में देखा जावे तो शिक्षण संस्था प्रबंधन के साथ साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम है जिसके चलते यह घटना घटित हुई। इस मामले की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो जिस तरह से संस्था प्रबंधन दोषी नजर आ रहा है उसी प्रकार से शिक्षा विभाग के वह अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आने से नही चूक पा रही है..? जिनके कंधों पर निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालन को लेकर देख रेख करने की जिम्मेदारी सौपी गई है। क्योंकि अधिकारियों द्वारा यदि समय समय पर शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा होता तो शायद यह घटना घटित ही नही होती..? क्षेत्रवासियों द्वारा अभिभाावकों द्वारा शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी शासन प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही है..?

### बुराई वाले व्यक्ति से बात करने पर कर दी मारपीट

**गाडरवारा।** अकसर देखा जाता है कि जब किसी व्यक्ति की किसी से बुराई रहती है और यदि उस व्यक्ति से किसी के द्वारा बात की जावे तो उसे भी वह अपना दुश्मन समझने लगता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में देखने मिली है। बताया जाता है कि ग्राम पिपरिया निवासी भानू प्रताप सिंह के वही के राकेश से किसी बात को लेकर बुराई चल रही है। जब प्रार्थी द्वारा उससे बात की गई तो आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में ग्राम पिपिरया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के पास में राकेश कौरव की किराना दुकान है।

## चिकित्सा दिवस के मौके पर डॉक्टरों के घर पहुंचकर किया सम्मानित

## इस युग में धरती के भगवान होते हैं डॉक्टर- बसेड़िया





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि इस युवक में यदि किसी मरीजों को जब दबाई के रूप में डाक्टर द्वारा किसी भी चीज का सेवन करने की बात कहता है तो मरीज उसे भगवान का आदेश मानते हुये ग्रहण करने से नही चूकता है। इसी के चलते मरीज द्वारा अपने डाक्टर को भगवान का स्वरूप मानने से नही चूकता है? यह बात अलग है कि कुछ डाक्टरों द्वारा मानव सेवा के रूप में किये जाने वाले अपने कार्य को धन की लालसा के चलते कलंकित करने से नही चूकते है..? मगर आज भी अनेक डाक्टरों में मरीज के प्रति जो सेवा भाव देखने मिलता है उसके चलते वह सम्मान ही नही बल्कि पूजन के हकदार बनने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर सदा ही समाज सेवा में जुडे रहने वाली नगर के युवा मुकेश बसेडिया इस तरह लोगों को जीवन दान देने वाले डाक्टरों को हर वर्ष चिकित्सा दिवस के मौके पर उनका सम्मान करने में पीछे नही रहते है। इसी के चलते बीते मंगलवार को चिकित्सा दिवस के मौके पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसिडया द्वारा शहर के अधिकांश चिकित्सकों के घर या फिर कार्य स्थल पर पहुंचकर उन्हें पीत वस्त्र ,प्रतीक चिन्ह सहित कलम डायरी एवं मास्क सहित अन्य प्रकार की सामग्री प्रदान करते हुये सम्मानित किया। इस दौरान बसेडिया द्वारा शासकीय चिकित्सालय से लेकर निजी चिकित्सको को भी सम्मानित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से डॉ अखिलेश गुमास्ता ,डॉ डी एस चौधरी, डॉ राजेश दुबे, डॉ के उइके शासकीय अस्पताल प्रभारी डॉ उपेंद्र वस्त्राकार , डॉ आशुतोष मेहता ,डॉ अनिल पटेल,डॉ राजीव राठौरिया, डॉ जगदीश वर्मा, डॉ संजय मोदी, डॉ ए पी सिंह, डॉ पंकज ठारवानी,डॉ पंथी कोरी, डॉ अभिजीत कटारे, डॉ ऋचा वर्मा, डॉ कांची सोनी, डॉ अमित कुमार, डॉ मनीष महोबिया, डॉ अभिनव जैन, डॉ अनामिका जैन, डॉ संगीत जैन, डॉ संदीप फणसलकर, डॉ श्रीमति श्वेता फणसलकर, डॉ उपेंद्र सिंघई, डॉ एन पी बाजपेयी,डॉ विजय पटेल, डॉ भरत राठी, डॉ भानु प्रताप पटेल, डॉ रोहित शर्मा सहित कुल 42 डाक्टरों को सम्मानित किया गया है। इस दौरान वरिष्ठ व वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ वीपी गुप्ता ने कहा कि हमने अपना संपूर्ण जीवन चिकित्सीय सेवा में व्यतीत करते हुये अनेक लोगो को नया जीवन प्रदान करने के प्रयासों में कोई कसर नही छोड़ी गई है। मगर शायद ही हम लोगों को कोई याद करता हो मगर मुकेश बसेडिया इसतरह के व्यक्ति है कि वह हम लोगों को याद करने से नही चूकते है और हर साल चिकित्सा दिवस पर बसेडिया द्वारा जो घर आकर सम्मान प्रदान किया जाता है वो हम सब चिकित्सको के लिए गौरव व आनंद के पलो भरा होने से नही चूकत है। इस अवसर पर मुकेश बसेडिया ने चिकित्सको को सम्मानित करते हुए कहा कि इस युग में धरती पर डॉक्टर भगवान के रूप है। क्योंकि बीमारी से लोगों की जान बचाने में डॉक्टरों का अहम योगदान होता है। कोरोना काल में चिकित्सकों के योगदान को भुलाया नही जा सकता। इस दौरान उनके साथ डॉ मेहता के यहां सर्वब्राह्मण महासभा अध्यक्ष महेश अधरुज एवं डॉ मोदी व डॉ दुबे के यहाँ शाम के समय शिक्षक मधु सूदन पटैल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### पैसों के लेनदेन की बात पर ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

**चीचली।** बीते हुये दिवस ग्राम गोटीटोरिया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी माँ के साथ घर पूर ही था उसी समय पडौस में ही निवासी करने वाला डब्बल पिता छोटे लाल ठाकुर व उसकी लडकी आई और पैसों के लेनदेन की बात को लेकर गंदी गंदी गाली देने लगे तो प्रार्थी द्वारा घर के बाहर निकलते हुये कहा कि बैठकर बात कर लेते है। मगर डब्बलू ठाकुर द्वारा प्रार्थी को ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई व उसकी बेटी द्वारा प्रार्थी की माँ के साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.) अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551**

फोन न. 07791-255732,
Email:-sdmgadarwara121@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक - 0010 अ-20 (4) वर्ष :- 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगमोहन आ. लक्ष्मी प्रसाद पटेल, निवासी- ग्राम जमाड़ा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की नजूल भूमि शीट क्रमांक 13 प्लाट क्रमांक 2/1 क्षेत्रफल 1037 वर्गफुट श्रीमती दीपशिखा पत्नी स्व. प्रदीप कुमार वर्मा, अलका, अलका, मेनका, सारिका, दीपिका पिस. स्व. प्रदीप कुमार वर्मा से पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.06.2025 के माध्यम से विधिवत क्रम कर, कब्जा दखल प्राप्त कर लिया गया है, नियमानुसार खरीद हक में नामांतरण किया जावे। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रुपए का आवेदन शुल्क का चालान, स्वयं का शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.06.2025 की छाया प्रति एवं नजूल खसरा की प्रमाणित प्रति की छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 11.07.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा / आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है । नियत सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।

जारी दिनांक- 27.06.2025
सुनवाई दिनांक- 11.07.2025

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा**

### प्रतिबंध अवधि के बावजूद भी खुलेआम जारी है मत्स्य आखेट, नगर में कलेक्टर आदेश साबित हो रहा बेअसर

**हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा/गाडरवारा।** प्रतिवर्ष देखा जाता है कि 15 जून से 16 अगस्त तक के लिए नदी नालो सहित अन्य नदियों में मछली के शिकार पर जिला दंड अधिकारी द्वारा प्रतिबंध लगा दिया जाता है। कुछ इसी प्रकार से इस वर्ष भी जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी करते हुये संपूर्ण जिले में मछली मारने से लेकर विक्रय पर प्रतिबंध आदेश तो जारी कर दिया गया है। मगर उस आदेश को पालन होते हुये कही दिखाई नही देने से यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि शायद स्थानीय स्तर पर बैठे अधिकारियों की नजरों में जिला दंड अधिकारी का आदेश कोई महत्व नही रखता है या फिर जिला स्तर से जारी हुआ यह आदेश मात्र कागजों की खानापूर्ति करते हुये अखबरों की खबरों तक सीमित होकर रहे गया है? क्योंकि जब जिला दंड अधिकारी द्वारा कोई आदेश जारी किया जाता है तो उसका पालन करने की जिम्मेदार अनुविभागीय अधिकारी से लेकर तहसीदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पुलिस विभाग की होती है। कुछ इसी प्रकार से मत्स्यआखेट यानि की मछली मारने व विक्रय करने के आदेश को जारी हुई पूरे दस दिन का समय बीते जाने के बाद भी कार्यवाही होते हुये दिखाई नही देने से जहां नगर सहित क्षेत्र की नदियों में खुलेआम मछली मारने के साथ विक्रय होते हुये देखा जा रहा है। जबकि जिला कलेक्टर द्वारा जारी किये गये आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य में म.प्र नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 की उप धारा (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस बंद ऋतु अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेगा तथा इस अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य क्रय. विक्रय करना पूर्णरूप से निषेध रहेगा। प्रदेश शासन के मछली पालन विभाग के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है।

# थाना कोतवाली डिंडोरी में पीड़ित केंद्रित प्रावधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, न्याय की नई दिशा पर किया मंथन




डिंडोरी।भारतीय न्याय संहिता (BNS) लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में थाना कोतवाली डिंडोरी परिसर में मंगलवार को ₹पीड़ित केंद्रित प्रावधान जन-जागरूकता कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को आपराधिक न्याय प्रणाली में पीड़ितों की भूमिका, अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने की। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष से लागू तीन नए कानूनों ने यह सुनिश्चित किया है कि अब पीड़ितों को न्यायिक प्रक्रिया में भागीदारी, समयबद्ध न्याय और उचित मुआवजा सुनिश्चित हो। साथ ही पुलिस की भूमिका अब और अधिक संवेदनशील व मैत्रीपूर्ण हो गई है, खासकर महिलाओं और बच्चों के मामलों में।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष कुमार केशरवानी ने पीड़ितों की गोपनीयता, सुरक्षा और मुआवजा योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना, उत्पीड़न या अन्य आपराधिक घटनाओं में पीड़ित या उनके आश्रितों को निशुल्क विधिक सहायता दी जाती है, साथ ही हिट एंड रन मामलों में दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने ₹राहवीर योजना₹ की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने पर सहायता करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में जिले के सभी थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे गवाही एवं अन्य न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ेगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, एसडीओपी पी.एस. मरावी, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, ADJ आशीष केशरवानी, पार्षदगण, पत्रकार बंधु एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### डॉक्टर्स डे पर अनूपपुर के लोकप्रिय डॉक्टर गणेश चटर्जी ने ली अंतिम सांस



अनूपपुर। डॉक्टर्स डे के दिन डॉक्टर की विदाई बड़ी ही विडंबना है। गरीब से लेकर बड़े-बड़े लोगों के स्वास्थ्य का इलाज अपनी डिस्पेंसरी के साथ-साथ घर-घर जाकर करने वाले अनूपपुर शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर गणेश चटर्जी अब हमारे बीच नहीं रहे। डॉक्टर्स डे के दिन अनूपपुर जिला चिकित्सालय में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसके पूर्व उनका इलाज रायपुर में चल रहा था। वरुण चटर्जी के पिता जी, वासुदेव चटर्जी एडवोकेट एवं भारती मेडिकल के संचालक सुदेव एवं देव चटर्जी के चाचाजी डॉ.गणेश चटर्जी के निधन की खबर मिलते ही जिला चिकित्सालय एवं उनके निवास पर काफी संख्या में नगर के नागरिक एकत्रित हो गए। उनकी अंतिम विदाई यात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। डॉ.गणेश चटर्जी केवल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि जनसेवक भी थे। लोगों की सेवा करना, लोगों को अच्छा मार्गदर्शन देना उनकी दिनचर्या में था। डॉ.गणेश चटर्जी के निधन पर काफी लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।एवं ईश्वर से प्रार्थना की है कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। उनका अंतिम संस्कार सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। डॉ.गणेश चटर्जी अपने पीछे रोता, बिलखता परिवार छोड़ गए। उनके एक पुत्र एवं दो पुत्री एवं धर्मपत्नी थी।

### सीटू की पहल से वर्षों से लंबित मजदूरों के मज़दूरी का हुआ भुगतान



अनूपपुर। एनटीपीसी सेल्दा वेस्ट निमार जिला खरगोन मध्य प्रदेश में श्रमिक लक्ष्मी राठौर श्रमिक पुनीत पटेल श्रमिक अशोक कुमार साहू जुलाई 2021 से अक्टूबर 2023 तक एनटीपीसी के ठेकेदार लार्सन ऐंड टुब्रो के पेटी ठेकेदार दिलीप कुमार चौधरी के नियोजन में काम किया था। श्रमिक लक्ष्मी राठौर का 96912 रुपए, अशोक कुमार साहू का 95855 रुपए एवं श्रमिक पुनीत पटेल का 76285 रुपए नियोजन के द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा था। ठेकेदार एवं कंपनी से त्रस्त होकर श्रमिकों ने सीटू से संबंधित यूनियन संयुक्त ठेकेदारी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जुगल किशोर राठौर से संपर्क किया जिस पर कार्यवाही करते हुए सीटू नेता जुगल किशोर राठौर ने मजदूरों का मजदूरी दिलाए जाने में सफलता हासिल किया है। यह पहली बार नहीं है कि प्रदेश के बाहर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों का मजदूरी ठेकेदार व कंपनी हड़पने के उद्देश्य से प्रयास न किया गया हो, किंतु कामरेड जुगुल किशोर राठौर के सूझबूझ एवं अनुभव के कारण उनकी एक भी न चली। देर से ही सही लेकिन मजदूरों का एक-एक रुपए का हिसाब उन्होंने शोषक कम्पनी व ठेकेदार से करवाया है। अनूपपुर जिला के प्रवासी मजदूर अब पूरा भरोसा कर बैठे हैं कि अब हम मजदूरों का मजदूरी कामरेड जुगुल राठौर के रहते नहीं हड़पी जाएगी। भुगतान से मजदूरों के परिवार एवं मजदूरों के बीच हर्ष का माहौल है। उनके चेहरे में मुस्कान है। संयुक्त ठेकेदारी मजदूर यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

### बारिश से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहा

अनूपपुर नगर पालिका अनूपपुर मे जब से नई परिषद का गठन हुआ है। तब से सब कुछ ठीक नही चल रहा है। जिस कारण नगर के विकास पर ग्रहण सा लग गया है। हर ओर अराजकता व समस्याओं मे लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है मगर जिम्मेदारों ने मौन साध रखा है। जिस कारण जहां नगरवासी समस्याओं के अंबार के बीच जीवन गुजारने को मजबूर हैं वही विकास की आस लगाये बैठे नगरवासियों ने अब आशा भरी निगाहों से देखना ही बंद कर दिया है क्योंकि उन्हे एहसास हो चुका है।

## शासकीय माध्यमिक शाला देवरा के दो शिक्षक सेवानिवृत्त, भव्य समारोह में दी गई विदाई



डिंडौरी। जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम देवरा की शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ दो वरिष्ठ शिक्षक प्रभारी प्राचार्य श्री सुरेश कुमार व्यौहार एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री पवन कुमार जैन—के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय प्रांगण में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के अनेक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में फूलमालाओं से स्वागत कर, साल एवं श्रीफल भेंटकर दोनों शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने लंबे शैक्षणिक सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया है। उनके उद्बोधन ने कई लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में वर्तमान संस्था प्रमुख श्रीमती मुक्ता चौकसे सहित शिक्षकगण कीरथ शुक्ला, महेंद्र कछवाहा, आरती पटेल, विस्मत धुर्वे, अर्चना कोलिया, जया ठाकुर, पूर्व शिक्षक श्री नारायण सिंह ठाकुर, श्री ब्रजमोहन शुक्ला, नरोत्तम प्रजापति सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षकों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह के अंत में बैंड-बाजे की धुन पर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं परिजनों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। इसके उपरांत गाजे-बाजे के साथ एक रैली निकाली गई, जिसमें दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानपूर्वक उनके निवास तक पहुंचाया गया।यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया और शिक्षकों के प्रति सम्मान और स्नेह का प्रतीक बना।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला बैठक सम्पन्न शिक्षिका को सौंपी गई 5300 रुपए की सहायता राशि



डिंडोरी। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन डिंडोरी की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आनंदम दीदी कैफे में आयोजित की गई। बैठक में संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वे, प्रीतम प्रसाद शुक्ला, डी.पी. शुक्ला एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय प्रतिनिधि सी.बी. उरैती एवं मीरा श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में जिलेभर के लगभग सौ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राममूरत सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष श्यामलाल साहू, प्रभात सोनी, सावित्री नामदेव, कीर्ति कछवाहा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उदयवती धुर्वे तेकाम, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल, और विभिन्न ब्लॉकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ नर्मदाष्टक से हुआ, जिसके पश्चात शिक्षकों के अर्जित अवकाश नगद भुगतान के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी की भेदभावपूर्ण नीति की तीखी निंदा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन की ओर बढ़ेगा।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती मणि नामदेव के सहयोग हेतु 5300/- की राशि एकत्र कर शिष्टमंडल द्वारा उनके निवास जाकर भेंट की गई।

कार्यक्रम में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित, तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह नायक, जिला सचिव संदीप चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष अनवरी बेगम, तथा जिलाध्यक्ष की धर्मपत्नी ऊषा तिवारी का सम्मान किया गया।अंत में, अहमदाबाद विमान दुर्घटना, पेंशनर स्व. गोपाल सिंह धुर्वे तथा श्रीमती पनकिन मरकाम की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## कामगारों की पदोन्नति और एमजीबी की लड़ाई पांचवें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

संगठन की गतिविधियों एवं कौशलेंद्र तिवारी, विवेक शुक्ला, मुकेश लहरे, अजय नारायण के कार्यशैली से प्रसन्न होकर उत्कर्ष सिंह, भदरा 7&8 खदान, एवं 9&10 खदान से दद्दू कोरी ने कोयला मजदूर सभा का दामन थाम लिया। कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि इस बार की संगठन की लड़ाई आर या पार की लड़ाई लड़ी जा रही है। इस बार स्टॉफ, कर्मचारी की पदोन्नति, लोडरों के MGB का एरियर्स रवि साहू, मुन्ना यादव का बेसिक सुधार एवं एरियर्स, गोविंदा टाउनशिप में वॉल्वमैन की नियुक्ति, सभी कालोनियों में इलेक्ट्रीशियन की नियुक्ति सभी कालोनियों में साफ सफाई का टेंडर पुनः चालू कराने कर्मचारियों के घरों का खिड़की दरवाजा बदलने तथा प्लास्टर फ्लोरिंग का कार्य किए जाने कालोनी में पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं अन्य पेंडिंग कार्य जब तक पूरा नहीं हो जाता संगठन अनवरत प्रदर्शन जारी रहेगा।आज के कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ल, महामंत्री रमाशंकर तिवारी, उप महामंत्री कौशलाधीश द्विवेदी, रजनीश पटेल, विद्या सिंह, कौशलेंद्र तिवारी आदि सैकड़ों कर्मचारी साथियों ने कार्यक्रम में शिरकत किया।

## नव प्रवेशित महाविद्यालयीन विद्यार्थियों का स्वागत कर किया गया नए सत्र का शुभारंभ






अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार और महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में 1 जुलाई को महाविद्यालय में दीक्षारंभ के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजित कर नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के स्वागत कर नए सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया द्वारा छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी दी गई वहीं पर डॉ. सीमा डावर के द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया, सुश्री हुस्नआरा अंसारी, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, कैलाश कुमार लखेरा, प्रदीप कुमार कहार, दीपचंद गुप्ता, डॉ. अनिल कुशराम, समीर धुर्वे, ओमकार वाडिया, सहज सिंह मरावी, कमलेश वास्पे सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल के द्वारा किया गया।

## प्रचार बोर्ड लगाने वृक्षों पर निर्ममता से ठोंक रहे लोहे की कील

### कहां गया पर्यावरण संरक्षण संवर्धन, एक वृक्ष 100 पुत्र समान का नारा भी बेमानी

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।




पवित्र नगरी अमरकंटक में व्यवसायी अपने कार्यों का प्रचार प्रसार करने हेतु कोई कोर कसर नहीं छोड़ते यहां तक कि प्रचार सामग्री का बोर्ड वर्तमान समय का फ्लेक्स को लगाने टांगने के लिए हरे भरे वृक्षों पर निर्ममता के साथ मोटे मोटे लोहे का कीला ठोंक कर तथा लोहे का तार बांधकर प्रचार सामग्री लगाते एवं बांधते हैं। यहां तक कि कतिपय कार्यकर्ता वृक्ष में रस्सी एवं तार से तोरण तथा पताका बांधते हैं इससे वृक्षों की संरचना एवं अन्य गतिविधि प्रभावित एवं बाधित होती है। इस तरह की कार्य गतिविधियों को देखकर लगता है कि शासन एवं प्रशासन का नारा, स्लोगन महज दिखावा एवं कार्यक्रमों में बोलने तक सीमित हो गया है। पर्यावरण वृक्षों के संरक्षण संवर्धन का यह नारा बेमानी हो गया है जिसमें एक वृक्ष सौ पुत्र समान बताया जाता है लेकिन लोग वृक्षों को अपने हित साधन एवं लाभार्जन के लिए प्रचार प्रसार हेतु कोई कोर कसर नही छोडते। वृक्षों पर बोर्ड टांगते हैं लगाते हैं इसके लिए पेड़ में बहुत ही निर्मम तरीके से कील ठोक देते हैं ताकि गिरे नहीं और साथ ही लोहे का तार बांधते हैं। पावन पवित्र नगरी अमरकंटक धार्मिक तीर्थ स्थल है आध्यात्मिक केंद्र है ऐसे पवित्र तीर्थ स्थल के पेड़ पौधों पर इस तरह का कृत्य क्या सही है। पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के जालेश्वर से अमरकंटक नगर तक तथा कबीर चबूतरा से अमरकंटक नगर तक एवं सोनमूड़ा, माई की बगिया जाने वाले मार्ग के सैकड़ो विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधों में व्यवसाईयों के द्वारा प्रचार बोर्ड टांग कर कील से ठोक कर तार से बांधकर लगाया गया है। बाहर से आए एक पर्यावरण प्रेमी एवं वृद्ध संत ने कहा कि पेड़ पौधों के साथ ऐसा कदापि भी नहीं करना चाहिए। प्रशासन के विभिन्न विभागों के नजर इसमें नहीं पड़ी या इस पर ध्यान नहीं दिया गया ऐसे प्रचार तंत्र के बोर्ड को त्वरित हटवाया जाना चाहिए। समय- आने पर कार्यक्रमों के दौरान वक्ताओं के द्वारा कहा बोला जाता है कि वृक्ष हमें प्राण वायु देते हैं ऑक्सीजन देते हैं वृक्ष न रहे तो मानव का जीवन असंभव एवं दूभर हो जाए। पवित्र नगरी अमरकंटक में हर आम खास जगह के वृक्ष पर प्रचार तंत्र का बोर्ड लगा हुआ है यहां तक की विभिन्न आश्रमों के सामने कार्यालय तथा विद्यालय के सामने लगे वृक्ष पर भी ऐसा ही कुछ देखा जा सकता है इसके चलते कई जगह वृक्ष सूख गए हैं तो कुछ गिरने की कगार पर हैं। क्या जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन अमरकंटक तथा वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन इस दिशा में ध्यान देकर त्वरित आवश्यक कार्यवाही कराएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कोतमा दौरे की तैयारियों को लेकर प्रशासन हुआ सक्रिय

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 जुलाई को अनूपपुर जिले के कोतमा में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं जैसे कि भूमि पूजन, लोकार्पण, हितलाभ वितरण, भोजन, पेयजल एवं बैठक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समयबद्ध एवं समुचित ढंग से सुनिश्चित की जाएं, जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो। कलेक्टर श्री पंचोली ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम में वृक्षारोपण, विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन तथा मुख्य कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने जिले के समस्त अधिकारियों को उनके सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों स्पष्ट किया कि जिले की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम की व्यवस्था होनी चाहिए एवं आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी सहित जिले के सभी विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान द्वारा आज अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 जुलाई को कोतमा में प्रस्तावित दौरे कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा स्थित मैदान का अवलोकन कर मंच निर्माण, सभा स्थल, ग्रीन रूम, प्रदर्शनी स्थल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कोतमा एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर समुचित बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, सुविधा गृहों का निर्माण, आम जनों की बैठक व्यवस्था तथा प्रकाश बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री पंचोली ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित कर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### खेत से 13 फुट लंबा अजगर पकड़कर जंगल में छोड़ा

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस एक खेत में अजगर दिखते ही कृषक ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को पकड़ा जो लगभग 13 फीट लंबा बताया जा रहा है। अजगर को टीम ने सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। हमारे प्रतिनिधि को डिप्टी रेंजर प्रभात पटेल ने बताया कि खेत के समीप एक छोटा सा नाला भी है। खेतों में चल रही बोबनी कार्य के चलते किसान को मेंढ़ के समीप इसे देखते ही सूचना दी गई थी। मौके पर जाकर देखा तुरंत उसे पकड़ कर लाये और जंगल में छोड़ दिया।

### ओवर लोड हाइवा ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रेत से भरे ओवरलोड हाइवा ने सामने से आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक दो टुकड़ों में बंट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार शाम साढ़े 4 बजे बेलखेड़ी-मुंगवानी मार्ग पर बरहटा के पास की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वाहन नरसिंहपुर से गोटेगांव की ओर जा रहा था। हाइवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 9879 की टक्कर से बरहटा निवासी राजू पंजाबी उम्र 45 वर्ष की जान चली गई। हाइवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद वह अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा देखा गया। लोगों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई न करने को लेकर पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने ट्रक चालक को तुरंत पकड़ने की मांग की है।

### अज्ञात चोर चुरा ले गए मोटरसाइकिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीड़ित ने थाना प्रभारी स्टेशनगंज को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। पीड़ित विकाश कुशवाहा द्वारा दी गई। शिकायत मे बताया गया कि वह दादा महाराज दर्शन करने के लिए गया हुआ था और अपनी मोटर साइकिल वाहन स्टेंड मे खड़ा किया गया था जब दर्शन कर लौटा तो मेरी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 49 एमक्यू 6360 कोई अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गई। पीड़ित द्वारा शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग
# परिजनों को मिले एक करोड़ का मुआवजा

### छात्रा की हत्या को लेकर विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मंगलवार को जिले के विभिन्न संगठनों द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय तथा परिजनों को मुआवजा दिलाने तथा आरोपी के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि जिला चिकित्सालय में वगित 27 जून आरोपी अभिषेक कोष्टी द्वारा नर्स छात्रा संध्या चैधरी की चाकू से गला काटकर हत्या की गई थी जिसके विरोध में सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।**



### करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग

जिला प्रशासन को सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मृतिका परिवार की इकलौती पुत्री थी। इसलिए पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का तत्काल मुआवजा दिया जाए। वही सार्वजनिक स्थलों पर सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती होनी चाहिए। जिला चिकित्सलय के ट्रामा वार्ड मे स्थाई पुलिस कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए साथ अस्पताल मे तैनात गार्ड को दिए जाने वाले अधिकारों मे वृद्धि की जाए जिससे जिला अस्पताल मे होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर रोक लग सके। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई की जाए जिससे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रह सके।

### अस्पताल चौकी पुलिस पर उठाए सवाल

सामाजिक संगठनों द्वारा सौंपे जा रहे ज्ञापन के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली कलेक्टर के साथ मौके पर मौजूद थे वही ज्ञापन कर्ताओं द्वारा थाना प्रभारी के सामने जिला चिकित्सालय मे बनाई गई पुलिस चौकी पुलिस की हकीकत ब्यान की गई। ज्ञात हो कि जिला चिकित्सालय मे बनाई गई पुलिस चौकी केवल नाम मात्र का कार्य करती चौकी में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोई ठोस कार्रवाई नही की जाती है। ज्ञापन ने मांग की गई है कि जिला अस्पताल चौकी मे 24 घंटे पुलिस की तैनाती की मांग की गई। ज्ञात हो कि पुलिस चौकी पर 24 घंटे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। ऐसे में कर्मचारियों की सेवाओं पर भी सवाल उठता है।

### आरोपी होने वाली कार्रवाई का हो विज्ञापन

विभिन्न संगठनों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि आरोपी के विरूद्ध की जाने वाली कार्रवाई को शासकीय खर्चे पर विज्ञापन जारी कर कार्रवाई को उजागर किया जाए। जिससे आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के पूर्व आरोपियों पर पुलिस व प्रशासन का खौफ हो तथा आपराधिक गतिविधियां कम हो सके। आरोपी पर ठोस कार्रवाई की मांग की गई। उक्त अवसर पर रंजीत चौधरी अजाक्स संघ संभागीय पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज, आर. डी. अहिरवाल, संरक्षक मण्डल, डॉ. पी. एल. अहरवाल, आर एल. अरिहा से.नि. जज, डॉ. हीरालाल जाटव, जितिन राज पूर्व पार्षद, इंजी देव दौनेरिया तथा विभिन्न समाजिक संगठनों के पदाधिकारी व छात्र संगठन और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## रोटरी क्लब द्वारा किया गया रक्तदान




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा रोटरी क्लब की स्थापना दिवस पर स्थानीय शासकीय जिला चिकित्सालय मे रक्तदान कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर रोटे. इंजी. रुद्रेश तिवारी, रोटे.इंजी. प्रसून धोरेलिया, रोटे. कैलाश चावला, रोटे.आदर्श कोहली, रोटे.डॉ. प्रवीण राज जैन, रोटे. गीता बेदी, रोटे.तनु पालीवाल, रोटे.स्वाति जायसवाल, रोटे.सीमा जैन, रोटे.साधना राय, रोटे.सविता अग्रवाल, जिला चिकित्सालय से डॉ. प्रियंका नेमा, ब्लड बैंक प्रभारी स्वप्निल चौरसिया, एम.एल.चैधरी, संजय सोनी, विष्णु वाल्मीकि, शाहरूख खान, नीरज सागर सहित जीतू रैकवार आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## रासेयो स्वयं सेवकों ने रौपे पौधे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्था प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम से विद्यावन वाटिका में बेलपत्र के पौधे का रोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु को संरक्षित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लगभग 15 पौधों का रोपण किया गया । इस अवसर पर नव- प्रवेशित छात्र-छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्हें पर्यावरण का महत्व भी बताया गया तथा पेड़ लगाकर प्रकृति को सरंक्षित करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर पुराने अध्ययनरत अनेक छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे तथा स्टाफ से भी अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे थे। स्टाफ के सदस्यों में



प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनीष अग्रवाल प्रो. केशव प्रसाद पांडेय, प्रो.रीता रावत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले, छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीता रावत, प्रो. रितेश अग्रवाल ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों में पूर्व दलनायक वेदांत दुबे, वरिष्ठ स्वयंसेवक मानस गुप्ता, रोहित गौंड, देवांश पचोरी, हर्षित जाटव, हर्षित चैरसिया, विवेक मेहरा, ऋतिक कुशवाहा, छात्रा दलनायिका शिखा वर्मा, मनीषा राजपूत, भूमि दुबे, रजनी चढार, विवेक साहू, ब्रजेश चैधरी, सौरभ कुशवाहा, रोहित नौरिया, उदय उईके आदि अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे। वर्तमान दलनायक दिनेश अग्रवाल ने पौधे उपलब्ध कराये। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर समाज से भी पौधारोपण करने की अपील की तथा छात्रों ने पौधों को बड़ा करने का संकल्प भी लिया।

### रेत उत्खनन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शासन के निर्देशानुसार जिले में मानसून सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए जिले की समस्त रेत खदानों, नदियों एवं नालों से रेत उत्खनन पर 30 जून 2025 मध्यरात्रि से 01 अक्टूबर 2025 तक प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश जारी किये हैं।

### गड्ढे में गिरी कार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी से बंडोल दिशा की ओर जा रही सफेद रंग की कार सोमवार की रात लगभग 9.50 बजे अनियंत्रित हो गई। कार न्यू अग्रोहा लॉन के सामने सड़क के किनारे मिट्टी, पत्थर से जा टकराई। कार में 4 लोग सवार थे। कार दुर्घटना में कार के एयर बैग खुल गए जिससे कार में सवार चारों लोग सकुशल बच गए।

### सुभाष वार्ड कार्यालय का उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सुभाष वार्ड नगर पालिका पार्षद उपचुनाव हेतु निर्वाचन कार्यालय का उद्घाटन सिवनी के लोकप्रिय एवं जनप्रिय विधायक एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी व नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

## आदिवासी परिवारों के घरों को जबरन गिराने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया 23 जून को वन विभाग ने पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वर्षों से रह रहे आदिवासी परिवारों के घरों को जबरन गिरा दिया। आरोप है कि इस कार्रवाई के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के साथ मारपीट की गई। इससे पहले 14 जून को एक आदिवासी महिला के साथ वन विभाग के कर्मचारी ने छेड़छाड़ की। जब सामाजिक संगठनों ने इसका विरोध किया, तो महिला के पति पर शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज कर दिया गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदिवासी कांग्रेस विभाग ने ज्ञापन में कई मांगें रखी हैं। इनमें वन्य अधिनियम 2006 के तहत वन अधिकार पट्टे देने, प्रभावित परिवारों को टिन शेड, राशन और पेयजल की सुविधा देने की मांग शामिल है। दोषी वन विभाग अधिकारियों को निलंबित करने और महिला से अभद्रता करने वाले कर्मी को बर्खास्त करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में पेसा कानून का पालन सुनिश्चित करने और बिना ग्राम सभा की सहमति के कार्रवाई न करने की मांग की गई है। साथ ही बैतूल, डिंडोरी, सीधी, हरदा, विदिशा जिलों में आदिवासियों के जमीन संबंधी मामलों की न्यायिक जांच और जिला स्तर पर एसटी मामलों की निगरानी समितियों को सक्रिय करने की मांग रखी गई है।



## शास.उच्च.माध्य.विद्यालय गंगेरुआ में संपन्न हुआ विदाई समारोह

**गोकलपुर-।** शास.उच्च.माध्य.विद्यालय गंगेरुआ में पदस्थ श्री मदन सिंह कटरे(चतुर्थ श्रेणी)को सेवानिवृत्त होने तथा श्री रविन्द्र कुमार पटले(अध्यापक) के स्थानांतरित होने पर भावभीनी बिदाई दी गई।उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रुप में सेवानिवृत्त हो रहे श्री मदन सिंह कटरे,श्री रविन्द्र कुमार पटले(स्थानांतरित) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शास.हाईस्कूल के प्राचार्य श्री जी पी अग्रवाल जी,श्री एस.के.चौरसिया सेवानिवृत्त शिक्षक,श्री हरेंद्र पटले जनपद सदस्य,श्री एन. आर.राणा अध्यापक(एमलबी विद्यालय सिवनीं),श्री नन्दकिशोर पटले जी सरपंच गंगेरुआ रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री पी सी भलावी जी ने की।सर्वप्रथम उपस्थित सभी मुख्यातिथि,विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष आदि ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।तत्यपश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई।उपस्थित सभी शिक्षकों ने श्री मदन कटरे जी,श्री रविन्द्र कुमार पटले सहित सभी अतिथियों का पुष्पमाल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्री एन आर राणा जी ने श्री मदनसिंह कटरे तथा श्री रविन्द्र कुमार पटले जी के साथ बिताए लम्हों को याद किया।

## म.प्र.जूनियर वर्ग का फाईनल राउंड संपन्न

### फाईनल में बालाघाट ने जबलपुर को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

म.प्र.फुटबाल संघ द्वारा जिला फुटबाल संघ सिवनी को सौंपे गये जूनियर वर्ग के फाईनल राउंड के अन्तर्गत आज का प्रथम मैच हार्ड लाईन प्रातः 10:00 बजे से भोपाल एवं इंदौर के मध्य खेला गया जिसमें भोपाल की टीम ने इंदौर को 2-0 से पराजित किया। भोपाल की ओर से मलयगंबा तथा दूसरा गोल पीयुष ने किया। इस मैच के निर्णायक श्री मुकेश तिलासी एवं सहायक निर्णायक श्री रासिद खान श्री नीतेश मरावी तथा फोर्थ रैफरी श्री शाहरूख खान थे।आज का दूसरा मैच दोपहर 2:30 बजे जूनियर वर्ग का फाईनल मैच जबलपुर एवं बालाघाट के मध्य खेला गया जो बहुत रोमांचकारी रहा। खेल के 66वें मिनट में बालाघाट के राज द्वारा एक मात्र गोल मारकर अपनी टीम को प्रदेश की श्रेष्ठ टीम बनाने का गौरव हासिल किया। इस मैच के निर्णायक श्री विजेन्द्र परमार रहे जबकि सहायक निर्णायक श्री शिवानंद नंदा,श्री शाहरूख खान एवं फोर्थ आफिसियल श्री रासिद खान रहे। पूरी प्रतियोगिता में मैच कमीश्नर की भूमिका भोपाल के श्री प्रशांत ने निभाई। फाईनल मैच के उपरांत दोनों टीमों के खिलाड़ियों से श्री मोनू मिश्रा विधायक प्रतिनिधि एवं श्री प्रवीण नायडु ने परिचय प्राप्त कर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफियां प्रदान की।

## मेन रोड पर लगा जाम, आवागमन हुआ बाधित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मंगलवार दोपहर के समय नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई। मेन रोड पर एक मालवाहक ट्रक का डीजल खत्म होने से वह सड़क के बीच में रुक गया। इससे सिंहपुर चैराहा, सुभाष चैक और मुशरान चैक पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। दोपहर 2:40 बजे छिंदवाड़ा जा रहा ट्रक क्रमांक एमपी 04 वायजे 4583 सिंहपुर चैराहे के पास अचानक रुक गया। ट्रक में डीजल खत्म होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाइक और कार चालकों को धीमी गति से चलना पड़ा। राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 3:30 बजे ट्रक में डीजल भरा गया और उसे हटाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे जाम खुलना शुरू हुआ। मेन रोड पर अस्थाई दुकानों और करीब 3:30 बजे ट्रक में डीजल भरा गया और उसे हटाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे जाम खुलना शुरू हुआ। मेन रोड पर अस्थाई दुकानों और फुटपाथ पर रखे सामान ने समस्या को और बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक विभाग और प्रशासन की लापरवाही से ऐसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। दिन में यातायात के पीक आवर में न तो मार्गों को एकतरफा किया जाता है और न ही जाम से निपटने की कोई स्थायी व्यवस्था है। टॉकीज रोड और सुभाष चैक पर केवल शाम 7 से रात 9 बजे तक बैरिकेड लगाए जाते हैं। यातायात व्यवस्था के लिए दो प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। महिला टीआई को शहर से दूर तैनात किया गया है। निरीक्षक संधीर चैधरी के नेतृत्व में भी यातायात की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

## मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, एसपी के नाम दी शिकायत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई । आवेदन मे बताया गया है कि पीड़ित एक चाट-फुल्की विक्रेता है जिसपर कुछ लोगों द्वारा हमला कर घायल कर दिया गया। आवेदन मे बताया गया है कि पीजी कॉलेज रोड पर दुकान लगाने वाले रामनाथ यादव पर 26 जून को यह हमला हुआ। राजू पाली, शुभम यादव, राजा वैष्णव और राजू पाली उर्फ लल्ला समेत 7-8 लोगों ने रामनाथ की दुकान पर पहुंचकर गाली-गलौज की। इसके बाद लाठी, बेसबॉल के डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में रामनाथ का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। हमलावरों ने रामनाथ की दुकान में तोड़फोड़ की। उन्होंने ठेला पलटा और सामान बर्बाद कर दिया। हमलावरों ने रामनाथ को जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा दुकान लगाई तो जान से मार देंगे। घटना के बाद रामनाथ अपनी मां तुलसा बाई के साथ कोतवाली थाने गए। पुलिस ने उन्हें सिर्फ जिला अस्पताल भेज दिया। हमलावरों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस की कार्रवाई से निराश होकर रामनाथ मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को लिखित शिकायत दी। इसमें आरोपियों पर कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की। रामनाथ ने बताया कि हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। दुकान को हुए नुकसान से उनकी रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है।

## 58 वां दीक्षा दिवस गुरु उपकार दिवस के रूप में मनाया गया

**तेंदूखेड़ा।** संयम पथ के आकाशदीप तत्वज्ञान के अमृत स्त्रोत शासन प्रशासन के सशक्त प्रतीक दिगंबर जैन परंपरा के युग पुरुष आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज का 58 वां दीक्षा दिवस तेन्दूखेड़ा में विराजमान आर्यिका सिद्धांत मति माता जी आर्यिका पुनीत मति माता जी आर्यिका विनय मति माता जी ससंघ सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री का चित्र अनावरण मंगलाचरण एवं संगीतमय गुरु पूजा के साथ आर्यिका संघ ने गुणगान प्रस्तुत किए। आर्यिका श्री ने बताया कि विद्या सागर नाम मात्र नहीं वह उनके जीवन की साधना का सजीव प्रतिबिंब था। आचार्य श्री ने तत्त्वज्ञान न्याय व्याकरण धर्मशास्त्र और दर्शन को स्वयं आत्मसात किया और शिष्य परंपरा के माध्यम से उसे जीवंत रखा।आचार्य श्री का 58 वां दीक्षा दिवस मना रहे हैं। यह दिन केवल वंदन का नहीं आत्ममंथन का दिन है। क्या हम उस मार्ग पर चल रहे हैं। जो उन्होंने तप के अंगारों पर चलकर निर्मित किया क्या हम संघ की गरिमा परंपरा की मर्यादा और ज्ञान की मशाल को उसी समर्पण से थामे हुए हैं?

